मानसून की सुस्त चाल से किसानों की बढ़ी चिंता

- जिले के कई हिस्सों में अब भी अच्छी बारिश का इंतजार
- 2 जुलाई को भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 30 जून. प्रदेश में मानसून सक्रिय होने के बावजूद जिले में बारिश की स्थिति असमान बनी हुई है. मंगलवार दोपहर बाद नर्मदापुरम सहित जिले के कई क्षेत्रों में बारिश दर्ज की गई, लेकिन अब भी कई हिस्से ऐसे हैं जहां पर्याप्त वर्षा नहीं होने से खेत सूखे पड़े हैं.

बारिश की कमी के कारण किसानों की चिंता लगातार बढ़ रही है. जिन किसानों ने प्री-मानसून की बारिश को देखते हुए समय से पहले बोवनी कर दी थी, उन्हें खेतों में नमी की कमी से बीज खराब होने की आशंका सता रही है. वहीं जिन किसानों ने अब तक बोवनी शुरू नहीं की है, वे बारिश में हो रही देरी के कारण खरीफ सीजन प्रभावित होने की चिंता में हैं. हालांकि मौसम विभाग और कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को राहत भरी खबर दी है. उनके अनुसार आगामी 48 घंटों के दौरान जिले के लगभग सभी हिस्सों में अच्छी बारिश होने की संभावना है, जिससे बोवनी का कार्य तेजी पकड़ सकता है और खेतों में पर्याप्त नमी उपलब्ध होगी.

दो दिन जिले में ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग ने 2 और 3 जुलाई के लिए जिले में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग के वैज्ञानिक वीरेंद्र यादव ने बताया कि 2-3 जुलाई को कई स्थानों पर मध्यम से तेज बारिश के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं. ऐसे में धान के लिए यह बारिश अच्छी साबित हों सकती हैं.

किसानों की निगाहें अब अगले तीन दिनों की बारिश पर

खरीफ सीजन की शुरुआत में समय पर बारिश खेती के लिए बेहद महत्वपूर्ण होती है. जिले में कई किसानों ने शुरुआती बारिश के खरीफ फसलों की बोवनी कर दी थी, लेकिन इसके बाद बारिश का सिलसिला कमजोर पड़ गया. लगातार पर्याप्त वर्षा नहीं होने से खेतों में नमी कम हो रही है, जिससे अंकुरण प्रभावित होने और बीज खराब होने का खतरा बढ़ गया है.

दूसरी ओर, जिन किसानों ने अभी तक बोवनी नहीं की है, वे अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं. कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अगले 48 घंटों में अनुमान के अनुसार अच्छी बारिश होती है तो अधिकांश क्षेत्रों में बोवनी का कार्य तेजी से पूरा हो सकेगा.

पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने किये स्नान

पिपरिया , 30 जून. शाडिल्य ऋषि की तपोभूमि साडिया सहित नर्मदानदी के घाटो पर पूर्णिमा पर भक्तो का जनसैलाब उमड़ा नर्मदा स्नान व पूजन कर श्रद्धालुओ ने प्रसाद वितरण किया। शाडिल्य ऋषि की तपोभूमि साडिया में सीताराम घाट,बाजार घाट,सिवनी घाट,मांगरोल घाट,माछा,खैरा सहित विभिन्न घाटो पर हजारो की तादाद मे प्रात: से देर शाम तक श्रद्धालु पहुंचे। नर्मदा स्नान कर पूजन अर्चन व कथा कराई. इस दौरान श्रद्धालुओ ने प्रसाद वितरण भी किया.

सोमानी हॉस्पिटल
डॉ. पवन सोमानी
MBBS, MD
शिशु एवं बाल्य रोग
डॉ. मोनाली सोमानी
BAMS, MS
प्रसूति एवं स्त्री रोग
डॉ. प्रेरणा अग्रवाल धमनानी
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
जी.पी. मॉल, बस स्टैंड के साईड में, हरदा
मो. 9977465888

कर्मचारी से 2 .82 लाख की ठगी

- पेंशन कार्ड, बीमा पॉलिसी और केवाईसी अपडेट के नाम पर बना रहे शिकार

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम,30 जून.डिजिटल सुविधाओं के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर ठग भी लगातार नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को निशाना बना रहे हैं. जिले में पुलिस सेफ क्लिक 2.0 जैसे जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को सतर्क रहने का संदेश दे रही है, लेकिन इसके बावजूद साइबर ठगी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं.

सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि ठग अब बुजुर्गों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों और बैंकिंग सेवाओं का उपयोग करने वाले लोगों को आसानी से अपने जाल में फंसा रहे हैं. ताजा मामला 24 जून का है.इच्छा पूर्ति मंदिर के सामने हनुमान नगर, रसूलिया निवासी एवं अस्पताल से सेवानिवृत्त 64 वर्षीय ओमप्रकाश रघुवंशी को एक अज्ञात व्यक्ति ने पेंशन कार्ड बनवाने का झांसा देकर फोन किया. बातचीत के दौरान ठग ने उनसे आधार कार्ड, पेंशन नंबर सहित अन्य जानकारी हासिल कर ली. कुछ ही देर बाद उनके बैंक खाते से 2 लाख 82 हजार रुपये निकाल लिए गए. जिसकी शिकायत उन्होंने 29 जून को देहात थाने में दर्ज कराई हैं. शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है. यह पहला मामला नहीं है. इससे पहले शहर में एसबीआई के एक सुरक्षा गार्ड को बीमा पॉलिसी का डाटा लीक होने का हवाला देकर फोन किया गया था. ठग ने विश्वास में लेकर ओटीपी सहित अन्य गोपनीय जानकारी हासिल कर ली और खाते से 1 लाख 7 हजार रुपये निकाल लिए थे. इन दोनों घटनाओं से स्पष्ट है कि साइबर अपराधी लोगों की निजी जानकारी का इस्तेमाल कर उन्हें विश्वास में लेने और फिर बैंक खातों तक पहुंच बनाने की कोशिश कर रहे हैं. इधर, लगातार बढ़ते मामलों को देखते हुए नर्मदापुरम पुलिस ने सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत साइबर जागरूकता रथ भी शुरू किया है.यह रथ जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों, बाजारों, स्कूल-कॉलेजों, बैंक शाखाओं और सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर लोगों को ऑनलाइन ठगी से बचने के उपाय बता रहा है. पुलिस का कहना है कि केवल तकनीकी जांच से साइबर अपराध नहीं रुकेंगे, बल्कि नागरिकों की सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है.

बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा के लिए छात्राओं ने उठाई आवाज़

- बंद पड़ी गर्ल्स हॉस्टल को शीघ्र प्रारंभ करने की मांग

पिपरिया, 30 जून.शहीद भगत सिंह पीजी कॉलेज की नियमित छात्राओं ने छात्रहित एवं उच्च शिक्षा को प्रोत्साहित करने की भावना से आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के नाम अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पिपरिया के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर महाविद्यालय की लंबे समय से बंद पड़ा गर्ल्स हॉस्टल को शीघ्र पुनः संचालित किए जाने की मांग की.

एसडीएम बैठक में व्यस्त होने के कारण ज्ञापन उनके कार्यालय में प्रस्तुत किया गया.छात्राओं ने ज्ञापन में बताया कि महाविद्यालय में अध्ययनरत अनेक छात्राएँ दूरस्थ ग्रामीण एवं आदिवासी अंचलों से प्रतिदिन लंबी दूरी तय कर अध्ययन के लिए आती हैं. छात्रावास बंद होने के कारण उन्हें आवागमन, समय, आर्थिक व्यय तथा सुरक्षा संबंधी अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनकी नियमित पढ़ाई प्रभावित हो रही है.छात्रा वीणा उइके ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की सबसे बड़ी शक्ति होती है. यदि बेटियों को सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण मिलेगा, तभी वे अपने सपनों को साकार कर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभा सकेंगी. उन्होंने कहा कि छात्रावास केवल एक भवन नहीं, बल्कि ग्रामीण और आदिवासी अंचलों की बेटियों के उज्ज्वल भविष्य का आधार है.

त्रिपाठी नर्सिंग होम
डॉ राहुल त्रिपाठी
MBBS PGDED RCP (U.K.)
ACP (U.S.)
SENIOR CONSULTAT
DIABETOLOGISIS
ENDOCRINOLOGIST
छोटी सिन्धी कॉलोनी, इन्दौर रोड़ हरदा (म.प्र.)

जटाशंकर मंदिर में त्रिशूल पर चढ़ा 7 फीट लंबा सांप

- श्रद्धालुओं में आस्था और कौतूहल का संगम



नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 30 जून. पचमढ़ी जटाशंकर मंदिर परिसर में उस समय श्रद्धा और आश्चर्य का अनोखा संगम देखने को मिला, जब एक लंबा धामन सांप अचानक त्रिशूल पर चढ़ गया और कुछ देर तक उसी पर लिपटा रहा. यह दृश्य देखकर मंदिर में मौजूद श्रद्धालु हैरान रह गए और कई लोगों ने इसे धार्मिक आस्था से जोड़ते हुए भोलेनाथ का चमत्कार बताया.

सांप के त्रिशूल पर मौजूद रहने के दौरान श्रद्धालुओं ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा करना शुरू कर दिया, जिससे यह घटना चर्चा का विषय बन गई. कुछ समय बाद सांप स्वयं ही शांत तरीके से त्रिशूल से नीचे उतरकर चला गया. घटना की सूचना मिलने पर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और सांप को सुरक्षित रूप से पकड़कर पास के जंगल में छोड़ दिया.वन विभाग के अनुसार यह धामन प्रजाति का सांप था, जो पूरी तरह गैर-जहरीला होता है. इस पूरी घटना के दौरान किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा, लेकिन यह नजारा मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए लंबे समय तक आस्था और आश्चर्य का विषय बन गया.

पुलिस ने ओवर लोड वाहनों पर की कार्रवाई

पिपरिया ,30 जून. नायब तहसीलदार व सीटी मजिस्ट्रेड व पुलिस विभाग की टीम ने ओवर लोडिग सहित अन्य वाहन चालको पर चालानी कार्रवाही की। नायब तहसीलदार व सीटी मजिस्ट्रेड नीरजसिंह बैस,पुलिस विभाग से एएसआई पर्वतसिहं,महेश कुमार धुर्वे,हवलदार अरूण जाटव,बसंत नागरे,राधेश्याम,शिवम कोरव की टीम ने आटो मे अधिक सवारी,बस,ओवर हाईट,ओवर वेट ट्रेक्टर ट्राली आदि वाहनो पर चालानी कार्रवाही करते हुए चालको को समझाईश दी.

चैतन्य नेत्रालय
Mob. 8839032892 7697671654
डॉ. शरद दोगने
MBBS, DOMS, FICO
मोतियाबिन्द एवं कॉक्टीक्ट विशेषज्ञ
भूतपूर्व नेत्ररोग विशेषज्ञ - सदगुरु नेत्रालय, चित्रकूट
भूतपूर्व नेत्ररोग विशेषज्ञ - माताश्री नेत्रालय, भोपाल
बेहतर दृष्टि, बेहतर जीवन
हमारी प्रमुख सेवाएँ
मोतियाबिन्द सर्जरी (फेको इमल्सीफिकेशन)
कॉक्टीक्ट लेंस एवं विजन केयर
चश्मे नंबर की जाँच एवं चश्मे उपलब्ध
डायबिटिक रेटिनोपैथी जाँच एवं उपचार
ग्लूकोमा (काला मोतिया) जाँच एवं उपचार
बच्चों की आँखों की जाँच एवं उपचार
परामर्श समय सुबह 9 से सायं 7 बजे (सोमवार से शनिवार)
अनुभवी विशेषज्ञ डॉक्टर
आधुनिक मशीनें
स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण
उचित शुल्क
MIG-22, नेहरु स्टेडियम, हरदा (म.प्र.) 461331
सही समय पर जाँच, रोके आँखों की परेशानी

अब आपके शहर में नवीनतम सोनोग्राफी मशीन द्वारा महानगरों जैसी अत्याधुनिक जाँचों की सुविधा
हर्णे डायग्नोस्टिक सेंटर
डॉ. धनंजय हर्णे
(MBBS, DMRD) Consultant Radiologist
8643081949
डॉ. शिल्पा बिरथरे हर्णे
MBBS, MS, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ

डॉक्टर्स डे की हार्दिक शुभकामनाएँ!
- 2D, 3D एवं 4D सोनोग्राफी
- पेट एवं पेल्विस अल्ट्रासाउंड
- फॉलिक्यूलर/ओव्यूलेशन स्टडी
- प्रसूति अंडकोश
- ट्रांसवेजायनल
- थायराइड B-स्कैन
- कपाल/नवजात मस्तिष्क
- सोनोमैमोग्राफी/स्तन USG
पंजाब नेशनल बैंक के पास, मोरछली चौक, नर्मदापुरम
हाई फिक्स्यूवेंसी स्कैन एवं कलर डॉप्लर

डॉ. बसंत जोशी

-ग्लोबल हुमुनिटी इंटरनेशनल अवार्ड से सम्मानित,
-जेपीसी रक्तदान समूह एवं जेपीसी क्लब परिवार द्वारा कोरोना योद्धा सम्मान से सम्मानित
Dr. Basant Joshi
D.E.M.S.JSR, EMT, CEMS & ED
General Physician & surgeon
Reg.No.A517
Mb. 9301059079, 9893363183
Email:-drbasanttoshi@gmail.com
पता :- बालागंज वल्लभ एजेंसी के सामने अकबरी मस्जिद के पास

रॉयल मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, नर्मदापुरम
पेट से संबंधित सभी समस्याओं का इलाज अब आपके शहर में
ADVANCE SURGICAL HOSPITAL
लेप्रोस्कोपी: गाल ब्लेडर, अपेंडिक्स, हार्निया, बच्चेदानी, ओवेरियन सिस्ट
लेज़र: पाइल्स, फिशर, फिस्टुला
पेडियाट्रिक: बच्चे में हर्निया, पेशाब की समस्या, हाइड्रोसिल
WORLD NO TOBACCO DAY
डॉ. प्रणय चौबे
एम.बी.बी.एस., एम.एस., जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन (पेट रोग विशेषज्ञ)
Piles, Fistula एवं Fissure सर्जरी विशेषज्ञ
प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक
पेट संबंधित सभी प्रकार की समस्याओं के लिए अवश्य परामर्श लें
प्रसिद्ध प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. शिल्पा सोमकुंवर
M.B.B.S., M.S.,OBGY, (FMAS)
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
(Fellowship In Minimal Access Surgery)
प्रतिदिन सुबह 11 से 3 बजे एवं शाम 6 से 8 बजे तक
दूरबीन द्वारा बच्चेदानी के आपरेशन की सुविधा
नि:संतान एवं नार्मल डिलेवरी के लिए अवश्य परामर्श लें
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
9201797702, 7223855525
रॉयल मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, हरियाली चौक, IT। रोड, नर्मदापुरम